Prepp
Your Personal Exams Guide

# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD
## सी ई एन - 06/2025 - CEN - 06/2025
## एनटीपीसी (स्नातक स्तर) की भर्ती / Recruitment of NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 17/03/2026 |
| Test Time | 4:30 PM - 6:00 PM |
| Subject | RRB NTPC GRADUATE CBT 1 |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **RRB NTPC GRADUATE CBT 1**

**Q.1** परमाणु-नाभिक की खोज किस प्रयोग के माध्यम से की गई थी?

**Ans**
✗ A. कैथोड किरण प्रयोग (Cathode ray experiment)
✗ B. कैनाल किरण प्रयोग (Canal ray experiment)
✗ C. तेल-बूंद प्रयोग (Oil drop experiment)
✓ D. स्वर्ण-झिल्ली प्रयोग (Gold foil experiment)

**Q.2** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 2025 (10 अक्टूबर) किस थीम/अभियान संदेश पर केंद्रित था, जिसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भारत में मनाया गया?

**Ans**
✗ A. कार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य (Mental Health at Work)
✗ B. देखभाल का सार्वभौमिक अधिकार (Universal Right to Care)
✗ C. युवा और कल्याण (Youth and Well-being)
✓ D. मानवीय आपात-स्थितियों में मानसिक स्वास्थ्य (Mental health in humanitarian emergencies)

**Q.3** झुंझुनू और अलवार जिले किस खनिज के उत्पादन के लिए प्रसिद्ध हैं?

**Ans**
✗ A. सोना
✓ B. कॉपर
✗ C. अभ्रक
✗ D. बॉक्साइट

**Q.4** मनीला हेम्प (Manila hemp) ________ में पाया जाता है।

**Ans**
✗ A. जापान
✓ B. फिलीपींस
✗ C. इंडोनेशिया
✗ D. मलेशिया

Prepp
Your Personal Exams Guide

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।<br>कथन:<br>सभी खरगोश, याक हैं। सभी याक, व्हेल हैं। कोई भी व्हेल, शार्क नहीं है।<br>निष्कर्ष:<br>(I) कोई भी खरगोश, शार्क नहीं है।<br>(II) कुछ व्हेल, खरगोश हैं। | |
| Ans | ✔ A. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।<br>✘ B. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।<br>✘ C. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।<br>✘ D. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। | |
| Q.6 | उद्देशिका, मुख्यत: निम्नलिखित में से किस रूप में कार्य करती है? | |
| Ans | ✘ A. विधि का प्रवर्तनीय भाग<br>✘ B. संविधान की एक अनुसूची<br>✔ C. निर्वचन के लिए एक निर्देशक सिद्धांत<br>✘ D. एक वित्तीय दिशानिर्देश | |
| Q.7 | अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तर्क के अनुसार, FKEP का संबंध EIBL से है। इसी प्रकार, JMHT का संबंध IKEP से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए PQNW का संबंध निम्नलिखित में से किससे है? | |
| Ans | ✘ A. OQKT<br>✘ B. OPJS<br>✔ C. OOKS<br>✘ D. OOLS | |
| Q.8 | वांडीवाश की लड़ाई किनके के बीच लड़ी गई थी? | |
| Ans | ✘ A. पुर्तगाली और फ्रांसीसी<br>✘ B. डच और पुर्तगाली<br>✔ C. ब्रिटिश और फ्रांसीसी<br>✘ D. ब्रिटिश और पुर्तगाली | |
| Q.9 | सात व्यक्ति, K, L, M, N, P, Q और R, एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों। Q, N के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। M, R के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। L और M दोनों का निकटतम पड़ोसी N है। K, Q का निकटतम पड़ोसी नहीं है। P के दाएँ से गिनती करने पर P और M के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं? | |
| Ans | ✔ A. दो<br>✘ B. तीन<br>✘ C. एक<br>✘ D. चार | |
| Q.10 | अनुच्छेद 243Q के अनुसार, संक्रमणकालीन क्षेत्र के लिए नगरपालिका स्तर को ________ के रूप में नामित किया जाएगा। | |
| Ans | ✘ A. नगर निगम<br>✔ B. नगर पंचायत<br>✘ C. नगर परिषद<br>✘ D. टाउनशिप | |

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.11 टेक्स्ट को शीघ्र कॉपी और पेस्ट करने के लिए कीबोर्ड शॉर्टकट के किस युग्म का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ A. Ctrl + Tab और Ctrl + S
- ✗ B. Ctrl + F और Ctrl + S
- ✗ C. Ctrl + F और Ctrl + C
- ✓ D. Ctrl + C और Ctrl + V

Q.12 एक निश्चित कूट भाषा में, 'WEAR' को '8246' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'CAST' को '3851' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है।
दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
- ✓ A. 8
- ✗ B. 1
- ✗ C. 4
- ✗ D. 3

Q.13 भारत के संविधान के प्रारम्भ में कौन-से अनुच्छेद नागरिकता से संबंधित थे?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 1 से 4
- ✗ B. अनुच्छेद 12 से 18
- ✗ C. अनुच्छेद 14 से 24
- ✓ D. अनुच्छेद 5 से 11

Q.14 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में हों। B के दाईं ओर से गिनने पर, B और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C के दाईं ओर से गिनने पर, E और C के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, C के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। F, A के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है।

स्तंभ I में दिए गए प्रत्येक व्यक्ति को स्तंभ II में उसके ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठे व्यक्ति से सुमेलित कीजिए तथा दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

| स्तंभ I (व्यक्ति) | स्तंभ II (उसके ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा व्यक्ति) |
|---|---|
| i. G | (W) G |
| ii. E | (X) D |
| iii. A | (Y) F |
| iv. C | (Z) B |

Ans
- ✗ A. i-X, ii-W, iii-Z, iv-Y
- ✗ B. i-Y, ii-W, iii-Z, iv-X
- ✗ C. i-W, ii-Y, iii-Z, iv-X
- ✓ D. i-Z, ii-Y, iii-X, iv-W

Q.15 निम्नलिखित में से किस बंदरगाह को मैरीटाइम अमृत काल विजन 2047 (MAKV 2047) के अंतर्गत बंदरगाह आधुनिकीकरण और समुद्री अवसंरचना विस्तार के लिए चिन्हित नहीं किया गया है?

Ans
- ✗ A. पारादीप बंदरगाह प्राधिकरण
- ✗ B. दीनदयाल बंदरगाह प्राधिकरण (कांडला)
- ✓ C. पणजी बंदरगाह
- ✗ D. वी.ओ. चिदंबरनार बंदरगाह प्राधिकरण (तूतीकोरिन)

Q.16 एक वृत्त की त्रिज्या 7 cm है। 240° का केंद्रीय कोण अंतरित करने वाले चाप की लंबाई ज्ञात कीजिए। (अपना उत्तर cm में दीजिए और दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए; π = 22/7 का प्रयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. 27.33 cm
- ✓ B. 29.33 cm
- ✗ C. 31.33 cm
- ✗ D. 28.67 cm

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.17 समूह A में 42 सदस्य, समूह B में 14 सदस्य और समूह C में 21 सदस्य हैं। इन सभी समूहों के सदस्य एक रेस्टोरेंट में गए। समूह A, B और C के प्रत्येक सदस्य पर व्यय की गई औसत धनराशि क्रमशः ₹275, ₹430 और ₹498 है। प्रति सदस्य व्यय की गई समग्र औसत धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 365
- ✓ B. 364
- ✗ C. 369
- ✗ D. 366

Q.18 दस प्रेक्षणों का समांतर माध्य 6 है और उनमें से नौ प्रेक्षणों का योग 49 है। दसवां प्रेक्षण ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 10
- ✓ B. 11
- ✗ C. 13
- ✗ D. 9

Q.19 पवन बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 25 km चलता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 15 km चलता है, फिर दाएं मुड़कर 32 km चलता है। इसके बाद वह दाएं मुड़कर 26 km चलता है। अंत में वह दाएं मुड़कर 7 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (सबसे कम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक अन्यथा निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं)

Ans
- ✓ A. 11 km पूर्व की ओर
- ✗ B. 11 km पश्चिम की ओर
- ✗ C. 10 km पूर्व की ओर
- ✗ D. 10 km पश्चिम की ओर

Q.20 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से समान हैं और इसलिए एक ग्रुप बनाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✓ A. KFN
- ✗ B. ECH
- ✗ C. MKP
- ✗ D. WUZ

Q.21 वर्ष 1950-51 से वर्ष 2016-17 तक सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में कृषि की हिस्सेदारी में क्या रुझान देखा गया है?

Ans
- ✗ A. उतार-चढ़ाव के साथ मध्यम वृद्धि
- ✗ B. तीव्र वृद्धि और त्वरित गिरावट
- ✗ C. उछाल के साथ निरंतर गिरावट
- ✓ D. उल्लेखनीय कमी

Q.22 कंप्यूटर में हाइबरनेशन मोड के बारे में निम्न में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✓ A. इस मोड में बिजली का न्यूनतम उपयोग होता है
- ✗ B. इस मोड में बिजली का अति उपयोग होता है
- ✗ C. इस मोड में बिजली का सबसे अधिक उपयोग होता है
- ✗ D. इस मोड में बिजली का अधिकतम उपयोग होता है

Q.23 किसी पदार्थ की अवस्था परिवर्तन के दौरान प्रति इकाई द्रव्यमान में स्थानांतरित ऊष्मा की मात्रा को क्या कहते हैं?

Ans
- ✓ A. गुप्त ऊष्मा
- ✗ B. विशिष्ट ऊष्मा
- ✗ C. तापीय ऊष्मा
- ✗ D. प्रेरित ऊष्मा

**Q.24** उस्ताद अहमद लाहौरी को यूनेस्को (UNESCO) की किस विश्व धरोहर स्थल के मुख्य वास्तुकार के रूप में जाना जाता है?

Ans
- ✗ A. हुमायूं का मकबरा, दिल्ली
- ✓ B. ताजमहल, आगरा
- ✗ C. फतेहपुर सीकरी, आगरा
- ✗ D. जैसलमेर किला, राजस्थान

**Q.25** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

7 11 19 31 47 ?

Ans
- ✗ A. 63
- ✗ B. 65
- ✓ C. 67
- ✗ D. 69

**Q.26** साधारण ब्याज पर किस वार्षिक दर से (प्रतिशत में, दो दशमलव स्थान तक पूर्णांकित) 24 वर्षों में कोई धनराशि 5 गुना हो जाएगी?

Ans
- ✗ A. 14.67
- ✗ B. 18.67
- ✓ C. 16.67
- ✗ D. 33.34

**Q.27** स्प्रेडशीट एप्लिकेशन में इम्पोर्ट किए जा सकने वाले संरचित डेटा को स्टोर करने के लिए फ़ाइल का कौन-सा प्रकार सबसे उपयुक्त होता है?

Ans
- ✓ A. .csv
- ✗ B. .exe
- ✗ C. .mp4
- ✗ D. .png

**Q.28** अपने घर से सामान्य चाल की $\frac{4}{7}$ चाल से चलते हुए, लक्ष्य अपने कार्यालय पहुँचने में 15 मिनट विलंबित हो जाता है।
घर और कार्यालय के बीच की दूरी तय करने में उसे सामान्यतः कितना समय लगता है?

Ans
- ✗ A. 16 मिनट
- ✓ B. 20 मिनट
- ✗ C. 29 मिनट
- ✗ D. 23 मिनट

**Q.29** 8 इकाई त्रिज्या वाले वृत्त के त्रिज्यखंड के केंद्रीय कोण 45° है, तो त्रिज्यखंड बनाने वाले चाप की लंबाई (इकाई में) ज्ञात कीजिए। ($\pi = 22/7$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✗ A. $\frac{18}{7}$
- ✗ B. $\frac{22}{7}$
- ✓ C. $\frac{44}{7}$
- ✗ D. $\frac{36}{7}$

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.30** किस विश्वविद्यालय ने रक्षा और आंतरिक सुरक्षा अनुसंधान में सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए 22 दिसंबर 2025 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए?

**Ans**
- ✗ A. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज
- ✓ B. राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी
- ✗ C. सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ पुलिस स्टडीज
- ✗ D. नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी

**Q.31** निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
(नोटः सभी संख्याएँ केवल एक अंक वाली संख्याएँ हैं।)

(बाएँ) @ © € E 8 9 X © 7 6 9 4 S N % $ 2 © 1 # O N (दाएँ)

यदि श्रृंखला से सभी संख्याएँ हटा दी जाएँ, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, बाएँ से आठवां होगा?

**Ans**
- ✗ A. S
- ✗ B. %
- ✓ C. N
- ✗ D. @

**Q.32** इस प्रश्न में, प्रश्न के बाद (I) और (II) से क्रमांकित दो कथन दिए गए हैं। आपको यह तय करना है कि कथनों में दी गई जानकारी प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है या नहीं। दोनों कथनों को पढ़ें और उचित उत्तर का चयन करें।

प्रश्न:
5 वृक्षों L, M, N, T और V में से प्रत्येक की लम्बाई भिन्न है, कौन-सा वृक्ष सबसे छोटा है?

कथन:
(I) N, L से लंबा है।
(II) V, N से लंबा है। M केवल एक वृक्ष से छोटा है।

**Ans**
- ✗ A. अकेले कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
- ✗ B. कथन I और II दोनों एक साथ (और अकेले कथन 1 या अकेले कथन 2 नहीं) प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं
- ✓ C. कथन I और II दोनों एक साथ प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
- ✗ D. अकेले कथन I में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है जबकि कथन II में दिया गया डेटा प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

**Q.33** मतदाताओं को सम्मान देने और लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए संपूर्ण भारत में 25 जनवरी को मनाए गए राष्ट्रीय मतदाता दिवस, 2026 की आधिकारिक थीम क्या थी?

**Ans**
- ✗ A. नागरिक प्रथम, राष्ट्र सर्वोपरि (Citizen First, Nation Always)
- ✗ B. लोकतंत्र के लिए वोट (Vote for Democracy)
- ✓ C. मेरा भारत, मेरा वोट (My India, My Vote)
- ✗ D. जनता की शक्ति (Power to the People)

**Q.34** A और B की मासिक आय का अनुपात 4 : 5 है, और उनके मासिक व्यय का अनुपात 3 : 4 है। A, ₹10,000 की बचत करता है जबकि B, ₹12,000 की बचत करता है। A की मासिक आय (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 15,000
- ✗ B. 14,000
- ✓ C. 16,000
- ✗ D. 13,000

**Q.35** वर्तमान में, वनराज की आयु उसके पुत्र की आयु की तीन गुनी है और उसकी पुत्री उसके पुत्र से 3 वर्ष छोटी है। यदि 3 वर्ष पूर्व इन तीनों व्यक्तियों की आयु का योगफल 58 वर्ष था, तो वनराज की वर्तमान आयु (वर्ष में) क्या है?

**Ans**
- ✓ A. 42
- ✗ B. 45
- ✗ C. 36
- ✗ D. 33

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.36 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथनः
सभी फ्लैट, विला हैं। सभी विला, अपार्टमेंट हैं। कुछ अपार्टमेंट, बिल्डिंग हैं।

निष्कर्षः
(I) सभी फ्लैट, अपार्टमेंट हैं।
(II) कुछ विला, बिल्डिंग हैं।

Ans
✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
✘ D. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.37 दी गई तालिका, गणित की परीक्षा में 100 विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त किए गए अंकों को दर्शाती है। इन आंकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए (2 दशमलव स्थानों तक)।

| प्राप्त अंक | 35 - 44 | 45 - 54 | 55 - 64 | 65 - 74 | 75 - 84 | 85 - 94 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विद्यार्थियों की संख्या | 10 | 20 | 30 | 25 | 10 | 5 |

Ans
✔ A. 61.17
✘ B. 55.44
✘ C. 61.67
✘ D. 60.56

Q.38 निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी चाहिए।

(बाएँ) L U & P % F A & D $ # K Q * M Ω Y @ E T * £ R (दाएँ)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है तथा ठीक बाद एक और प्रतीक है?

Ans
✘ A. तीन
✔ B. दो
✘ C. एक
✘ D. एक भी नहीं

Q.39 सात्विक आहार में विशेष रूप से किस प्रकार के अन्न को शामिल किया जाता है?

Ans
✘ A. अत्यधिक परिष्कृत आटा
✘ B. पॉलिश किए हुए सफेद चावल
✔ C. लाल चावल और बिना पॉलिश किए हुए चावल
✘ D. शर्करा युक्त ब्रेकफास्ट सीरियल

Q.40 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह, दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न "?" को प्रतिस्थापित करेगा?
BWJ 12, YUI 17, VSH 22, SQG 27, ?

Ans
✘ A. QOE 33
✔ B. POF 32
✘ C. PND 32
✘ D. ROD 32

Q.41 16 + 18 ÷ 6 - 2 × 4 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✔ A. 11
✘ B. 13
✘ C. 14
✘ D. 10

**Q.42** निम्नलिखित में से कौन-सा, द्विघात समीकरण नहीं है?

Ans
- ✗ A. $x^2 + 2x + 1 = 0$
- ✓ B. $(x - 1)(x + 2) = x^2 + 3$
- ✗ C. $3x^2 - 5x + 2 = 0$
- ✗ D. $x(x - 3) = 2$

**Q.43** दो वाहनों की चाल 20 km/h और 45 km/h है। इन दोनों चालों के बीच माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 30 km/h
- ✗ B. 35 km/h
- ✗ C. 32 km/h
- ✗ D. 25 km/h

**Q.44** उस युग्म का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो युग्म-समुच्चयों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

LUB : OSE
RQH : UOK

Ans
- ✗ A. GOQ : LMV
- ✗ B. KMT : MHV
- ✗ C. KGY : OBC
- ✓ D. XMN : AKQ

**Q.45** किसी संख्या का 20%, 620 के 20% से 220 अधिक है। वह संख्या ______________ है।

Ans
- ✗ A. 1820
- ✗ B. 1770
- ✗ C. 1570
- ✓ D. 1720

**Q.46** दो नल एक टंकी को क्रमशः 4 घंटे और 31 घंटे में भर सकते हैं। तीसरा नल उसे 31 घंटे में खाली कर सकता है। यदि सभी नल एक साथ खोले जाएं, तो खाली टंकी को एक-चौथाई भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा?

Ans
- ✓ A. 1
- ✗ B. 2
- ✗ C. 3
- ✗ D. 4

**Q.47** यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 A 2 B 5 C 7 D 9 = ?

Ans
- ✗ A. 41
- ✓ B. 43
- ✗ C. 42
- ✗ D. 40

**Q.48** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. EG-IK
- ✗ B. JL-NP
- ✓ C. TU-WX
- ✗ D. CE-GI

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.49 $\left[\frac{0.7^2 - 0.4^2}{0.33}\right]$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 1
- ✘ B. 2
- ✘ C. 0.65
- ✘ D. 1.5

Q.50 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित तरीके से MUNI का संबंध OSPG से है। उसी प्रकार, SDIK का संबंध UBKI से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, BZMP का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans
- ✘ A. EYPO
- ✔ B. DXON
- ✘ C. CWNM
- ✘ D. DXNQ

Q.51 कैनरी धारा निम्नलिखित में से किस महासागर में प्रवाहित होती है?

Ans
- ✘ A. दक्षिणी महासागर
- ✔ B. अटलांटिक महासागर
- ✘ C. प्रशांत महासागर
- ✘ D. हिंद महासागर

Q.52 अपने पिता बिंदुसार के शासन काल में अशोक किस क्षेत्र के राज्यपाल (वायसराय) थे?

Ans
- ✔ A. उज्जैन
- ✘ B. तोशाली
- ✘ C. सौराष्ट्र
- ✘ D. पाटलिपुत्र

Q.53 5 संख्याओं का औसत 20 है। यदि एक संख्या को हटाने पर शेष संख्याओं का औसत 18 प्राप्त होता है, तो हटाई गई संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✘ A. 32
- ✘ B. 30
- ✘ C. 25
- ✔ D. 28

Q.54 B, C, N, V, X और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी तरह सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। N एक विषम संख्या वाले तल पर रहता है, लेकिन तल क्रमांक 5 पर नहीं रहता है। N और Z जिन तलों पर रहते हैं, उन तलों योग 5 है। Z और X के बीच केवल 3 लोग रहते हैं। C, V के ठीक ऊपर रहता है। Z के नीचे कितने लोग रहते हैं?

Ans
- ✘ A. 2
- ✘ B. 4
- ✘ C. 3
- ✔ D. 1

Q.55 भारतीय संविधान द्वारा तमिल को शास्त्रीय भाषा का दर्जा किस वर्ष दिया गया था?

Ans
- ✘ A. 2002
- ✘ B. 2003
- ✘ C. 2005
- ✔ D. 2004

Prepp Your Personal Exam Guide

Q.56 दिए गए अक्षर-संख्या समूहों में से कौन सा निम्नलिखित श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
DRJ 50 WKC 45 PDV 40 IWO 35 ?

Ans
- ✗ A. AJD 32
- ✗ B. LEF 30
- ✓ C. BPH 30
- ✗ D. CJE 35

Q.57 रिसाइकल बिन (Recycle Bin) कहां स्थित होता है?

Ans
- ✓ A. डेस्कटॉप
- ✗ B. कंट्रोल पैनल
- ✗ C. टास्कबार
- ✗ D. स्टार्ट मेन्यू

Q.58 भारतीय सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों और उनके नेताओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

Ans
- ✓ A. होम रूल लीग की स्थापना अरबिंदो घोष ने की थी।
- ✗ B. पूना सार्वजनिक सभा महादेव गोविंद रानाडे से संबंधित थी।
- ✗ C. अभिनव भारत सोसाइटी की स्थापना विनायक दामोदर सावरकर ने की थी।
- ✗ D. आत्मसम्मान आंदोलन की शुरुआत ई.वी. रामासामी ने की थी।

Q.59 एक रासायनिक अभियंता 15 cm आंतरिक त्रिज्या और 40 cm ऊंचाई वाले एक बेलनाकार अभिक्रिया पात्र का डिजाइन तैयार करता है। इस पात्र के अंदर, तीन एकसमान बेलनाकार शीतलन नलिकाएं (प्रत्येक की त्रिज्या 4 cm और पात्र के समान ऊंचाई वाली) लंबवत रूप से लगाई गई हैं। यदि शेष स्थान की 75% धारिता को अभिक्रियाशील विलयन से भर दिया जाए, तो पात्र में विलयन का आयतन (लीटर में) कितना होगा? ($\pi$ = 3.14 का उपयोग कीजिए) (अपने उत्तर को दो दशमलव स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए।)

Ans
- ✗ A. 19.33 लीटर
- ✗ B. 18.15 लीटर
- ✗ C. 17.42 लीटर
- ✓ D. 16.67 लीटर

Q.60 हिमालय के अंतर्गत कश्मीर, कांगड़ा और कुल्लू घाटियाँ किस पर्वत श्रृंखला से परिबद्ध हैं?

Ans
- ✗ A. विशाल हिमालय
- ✗ B. विंध्य
- ✗ C. अरावली
- ✓ D. लघु हिमालय

Q.61 छत्तीसगढ़ में राउत नाच नृत्य रूप के माध्यम से हिंदू धर्म का कौन-सा पहलू प्रतिबिंबित होता है?

Ans
- ✗ A. देवी पार्वती की कथाएं
- ✗ B. भगवान राम के महाकाव्य
- ✓ C. भगवान कृष्ण की स्मृतियां
- ✗ D. भगवान शिव का आख्यान

Q.62 F, G, H, L, M, N और O में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है।
G की परीक्षा शुक्रवार को होती है। M और G के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा होती है। F और M के बीच केवल चार व्यक्तियों की परीक्षा होती है। O के ठीक बाद N की परीक्षा होती है। सोमवार को L की परीक्षा नहीं होती है।
L और H के बीच कितने व्यक्तियों की परीक्षा होती है?

Ans
- ✗ A. दो
- ✗ B. एक
- ✗ C. तीन
- ✓ D. चार

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.63** एक निश्चित कूट भाषा में, ‘LIME’ को ‘4839’ के रूप में और ‘TIME’ को ‘9324’ के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में ‘T’ के लिए कूट क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 4
- ✗ B. 9
- ✗ C. 3
- ✓ D. 2

**Q.64** वर्ष 2025 में, दोहा, क़तर में आयोजित फीफा बेस्ट फुटबॉल अवॉर्ड्स में 'फीफा मेन्स प्लेयर ऑफ द ईयर (FIFA Men’s Player of the Year)' किसे चुना गया?

**Ans**
- ✗ A. लियोनेल मेस्सी (Lionel Messi)
- ✗ B. किलियन म्बाप्पे (Kylian Mbappé)
- ✓ C. उस्मान डेम्बेले (Ousmane Dembélé)
- ✗ D. एर्लिंग हालैंड (Erling Haaland)

**Q.65** एक व्यक्ति ने दो प्रकार की चॉकलेट खरीदी, जिसमें से उसने एक प्रकार की ₹8 में 9 चॉकलेट की दर से और दूसरी प्रकार की चॉकलेट को ₹8 प्रति चॉकलेट की दर से खरीदा। उसने दोनों प्रकार की बराबर संख्या में चॉकलेट खरीदीं और सभी चॉकलेट को ₹8 प्रति चॉकलेट के दर से बेच दीं। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 78%
- ✓ B. 80%
- ✗ C. 82%
- ✗ D. 84%

**Q.66** मिस्टर Q, 336 km, 925 km और 432 km की दूरी क्रमशः 24 km/hr, 5 km/hr और 12 km/hr की चाल से तय करता है। उसकी औसत चाल km/hr में ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. $7\frac{47}{235}$
- ✗ B. $7\frac{51}{235}$
- ✗ C. $8\frac{46}{235}$
- ✓ D. $7\frac{48}{235}$

**Q.67** लगभग 1000 BCE में संकलित किस वैदिक ग्रंथ में विभिन्न देवी-देवताओं को समर्पित 1028 सूक्त सम्मिलित हैं?

**Ans**
- ✓ A. ऋग्वेद
- ✗ B. सामवेद
- ✗ C. अथर्व वेद
- ✗ D. यजुर्वेद

**Q.68** दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

81 79 76 71 64 ?

**Ans**
- ✗ A. 55
- ✗ B. 51
- ✓ C. 53
- ✗ D. 54

| | |
|---|---|
| Q.69 | निम्नलिखित में से किस अंतरराष्ट्रीय निकाय ने अक्टूबर 2025 में साइबर सुरक्षा संधि का निरीक्षण किया? |
| Ans | ✔ A. संयुक्त राष्ट्र (United Nations)<br>✘ B. विश्व बैंक (World Bank)<br>✘ C. नाटो (NATO)<br>✘ D. यूनेस्को (UNESCO) |

| | |
|---|---|
| Q.70 | उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार से संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।<br>(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए । उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर पर संक्रियाएं, जैसे जोड़ना /घटाना/गुणा करना आदि, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)<br><br>(8, 128, 2)<br>(9, 243, 3) |
| Ans | ✘ A. (11, 331, 5)<br>✘ B. (6, 216, 3)<br>✘ C. (10, 500, 4)<br>✔ D. (7, 343, 7) |

| | |
|---|---|
| Q.71 | एक निश्चित कूट भाषा में,<br>A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'<br>A - B का अर्थ है कि 'A, B का पति है'<br>A × B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'<br>A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।<br><br>उपरोक्त के आधार पर, यदि 'P - R × S + T ÷ M' है, तो P का M से क्या संबंध है? |
| Ans | ✘ A. पिता का भाई<br>✘ B. माता का पिता<br>✔ C. पिता का पिता<br>✘ D. बहन का पति |

| | |
|---|---|
| Q.72 | किस प्रकार के ज्वालामुखी को उसकी परतदार संरचना के कारण स्तरित ज्वालामुखी (stratovolcano) के रूप में भी जाना जाता है? |
| Ans | ✘ A. दरारी ज्वालामुखी (Fissure volcano)<br>✔ B. मिश्र ज्वालामुखी (Composite volcano)<br>✘ C. सिंडर शंकु ज्वालामुखी (Cinder cone volcano)<br>✘ D. गुम्बदी ज्वालामुखी (Shield volcano) |

| | |
|---|---|
| Q.73 | पढ़े भारत बढ़े भारत (PBBB) योजना किस वर्ष शुरू की गई थी? |
| Ans | ✔ A. 2014<br>✘ B. 2018<br>✘ C. 2007<br>✘ D. 2010 |

| | |
|---|---|
| Q.74 | निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में 1842 में बुंदेला विद्रोह हुआ था? |
| Ans | ✘ A. विजयनगरम<br>✘ B. सौराष्ट्र<br>✔ C. जबलपुर<br>✘ D. गंजम |

Prepp Your Personal Exam Guide

**Q.75** यदि संख्या 5267341 के प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएं छोर से दूसरा अंक निम्नलिखित में से कौन-सा होगा?

Ans
- ✗ A. 2
- ✓ B. 0
- ✗ C. 6
- ✗ D. 4

**Q.76** राष्ट्रकूट, मुख्य रूप से किस स्थापत्य कला के लिए प्रसिद्ध थे?

Ans
- ✗ A. कोणार्क में कोणार्क सूर्य मंदिर
- ✗ B. बृहदेश्वर मंदिर
- ✗ C. सांची स्तूप
- ✓ D. एलोरा में कैलाश मंदिर

**Q.77** अमित ने एक ही धनराशि को 4% वार्षिक दर से 2 वर्षों के लिए साधारण ब्याज और चक्रवृद्धि ब्याज (जहां ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है) पर निवेश किया। चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच का अंतर ₹47 है। प्रत्येक स्थिति में निवेश की गई धनराशि (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 29,725
- ✗ B. 28,475
- ✓ C. 29,375
- ✗ D. 28,625

**Q.78** एक ठोस बेलन की त्रिज्या 12 cm है और उसकी ऊँचाई 25 cm है। बेलन की ऊँचाई के अनुदिश 45° के केंद्रीय कोण वाला त्रिविम त्रिज्यखंड निकाला जाता है। बेलन के बड़े भाग का आयतन ($cm^3$ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. $3200\pi$
- ✗ B. $3250\pi$
- ✗ C. $3000\pi$
- ✓ D. $3150\pi$

**Q.79** (-9) - (-56) ÷ (-14) + (-4) × 6 का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. -36
- ✓ B. -37
- ✗ C. -40
- ✗ D. -39

**Q.80** FAO खाद्य मूल्य सूचकांक (FFPI), जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यापारित खाद्य पदार्थों की बास्केट (basket) की वैश्विक कीमतों में मासिक उच्चावच की निगरानी करता है, दिसंबर 2025 में औसतन कितने अंक (points) पर था?

Ans
- ✗ A. 130.1 अंक
- ✗ B. 120.5 अंक
- ✓ C. 124.3 अंक
- ✗ D. 128.6 अंक

**Q.81** P किसी वस्तु को Q को 30% लाभ पर बेचता है। Q उसी वस्तु को R को 52% हानि पर बेचता है। यदि R ने वस्तु के लिए ₹3900 का भुगतान किया, तो P द्वारा वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर खरीदा गया था?

Ans
- ✗ A. 6252
- ✗ B. 6248
- ✓ C. 6250
- ✗ D. 6253

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.82** $\dfrac{(4+4\cot^2 A)\tan A}{(3+3\tan^2 A)\operatorname{cosec} A}$ को सरलीकृत कीजिए।

**Ans**

✗ A. $\dfrac{\cos A}{3}$

✗ B. $\dfrac{4\sin A}{3}$

✓ C. $\dfrac{4\cos A}{3}$

✗ D. $\dfrac{\sin A}{3}$

**Q.83** निम्नलिखित संख्या, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है। सभी संख्याएं केवल एकल अंकीय संख्याएं हैं

(बाएं) ^ 5 % 5 \ 6 # + # + 1 6 ? # 6 & 7 & 9 < % (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएं हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?

**Ans**

✗ A. सात

✗ B. चार

✓ C. छह

✗ D. पांच

**Q.84** गिरीश ने एक परीक्षा में 831 अंक प्राप्त किए और उसके अंक पूर्णांक के 35% से 72 अंक कम थे। उसी परीक्षा में उसके मित्र ने 774 अंक प्राप्त किए। उसके मित्र द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत क्या है?

**Ans**

✗ A. 28 %

✓ B. 30 %

✗ C. 32 %

✗ D. 34 %

**Q.85** नीचे संख्याओं के दो समूह दिए गए हैं। प्रत्येक समूह में, पहली संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी प्रकार, दूसरी संख्या पर एक निश्चित गणितीय संक्रिया करने से तीसरी संख्या प्राप्त होती है, और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त होती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान समूह का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 आता है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
25 – 40 – 65 – 100; 70 – 85 – 110 – 145

**Ans**

✗ A. 95 – 110 – 130 – 170

✓ B. 50 – 65 – 90 – 125

✗ C. 15 – 30 – 65 – 90

✗ D. 65 – 80 – 105 – 150

**Q.86** नवंबर 2025 में सरकार द्वारा 29 श्रम कानूनों का चार श्रम संहिताओं में विलय करने के बाद, महिलाओं को रात्रि शिफ्ट सहित सभी प्रतिष्ठानों में काम करने की अनुमति देने वाला प्रावधान निम्नलिखित में से किस संहिता के अंतर्गत आता है?

**Ans**

✗ A. औद्योगिक संबंध संहिता, 2020

✗ B. वेतन संहिता, 2019

✓ C. व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य शर्त संहिता, 2020

✗ D. सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020

**Q.87** एक वस्तु को अवतल दर्पण के फोकस और ध्रुव के बीच रखा जाता है। निर्मित प्रतिबिंब _______ होगा।

**Ans**

✗ A. वास्तविक और उल्टा

✗ B. वास्तविक और सीधा

✗ C. आभासी और उल्टा

✓ D. आभासी और सीधा

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.88 नवंबर 2025 में, किस कंपनी ने गगनयान मिशन के लिए ISRO को ह्यूमन-रेटेड विकास इंजन डिलीवर किया?

Ans
- ✗ A. इसरो (ISRO)
- ✓ B. गोदरेज एयरोस्पेस (Godrej Aerospace)
- ✗ C. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स (Bharat Electronics)
- ✗ D. एचएएल (HAL)

Q.89 निम्नलिखित युग्मों पर विचार करें।
अनुच्छेद प्रावधान
1. 63 भारत के उपराष्ट्रपति
2. 64 उपराष्ट्रपति, राज्य परिषद का पदेन अध्यक्ष होगा
3. 65 राष्ट्रपति की अनुपस्थिति में उपराष्ट्रपति, राष्ट्रपति के रूप में कार्य करेगा
4. 66 उपराष्ट्रपति का चुनाव
उपरोक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?

Ans
- ✗ A. केवल 1, 2 और 3
- ✓ B. 1, 2, 3 और 4
- ✗ C. केवल 1 और 2
- ✗ D. केवल 2, 3 और 4

Q.90 निम्न में से कौन-सा संवैधानिक प्रावधान भारत सरकार को कुछ मामलों में किसी राज्य को निर्देश देने का अधिकार देता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 265
- ✗ B. अनुच्छेद 248
- ✗ C. अनुच्छेद 262
- ✓ D. अनुच्छेद 256

Q.91 एक डेटा वैज्ञानिक ने पाया कि कि दो प्रायोगिक मानों 18 और 32 के बीच माध्यानुपाती को मॉडल के इष्टतम निष्पादन के लिए 25% बढ़ाने की आवश्यकता है। यदि यह नया बढ़ा हुआ मान 18 और किसी अन्य मान y के बीच माध्यानुपाती बन जाता है, तो y का मान क्या है?

Ans
- ✗ A. 48
- ✗ B. 54
- ✓ C. 50
- ✗ D. 45

Q.92 उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना / घटाना / गुणा करना आदि 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(9,11,24)
(15,14,27)

Ans
- ✗ A. (18,2,12)
- ✗ B. (26,6,12)
- ✓ C. (2,11,31)
- ✗ D. (23,1,31)

Q.93 कौन-सा अनुच्छेद राज्य को महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए विशेष प्रावधान करने का अधिकार देता है?

Ans
- ✗ A. अनुच्छेद 16(2)
- ✗ B. अनुच्छेद 19(5)
- ✗ C. अनुच्छेद 23(2)
- ✓ D. अनुच्छेद 15(3)

Q.94 एक दुकानदार किसी वस्तु का मूल्य उसके क्रय मूल्य से 180% अधिक अंकित करता है। 152% लाभ प्राप्त करने के लिए उसके द्वारा अंकित मूल्य पर कितने प्रतिशत की छूट प्रदान की जानी चाहिए?

Ans
✔ A. 10%
✗ B. 7%
✗ C. 8%
✗ D. 9%

Q.95 A, B और C मिलकर एक निश्चित कार्य को 40 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B और C मिलकर उसी कार्य को 72 दिनों में पूरा कर सकते हैं। B की दक्षता A से 50% अधिक है। A, B और C मिलकर 16 दिनों तक कार्य करते हैं। शेष कार्य को B अकेले कितने दिनों में पूरा करेगा?

Ans
✗ A. 38 दिन
✔ B. 36 दिन
✗ C. 35 दिन
✗ D. 34 दिन

Q.96 तीन धनात्मक पूर्णांक a, b और c हैं जो gcd(a, b)=12, gcd(b, c)=18, gcd(c, a)=6 को संतुष्ट करते हैं। यदि किसी धनात्मक पूर्णांक k के लिए a+b+c=6k है, तो k का न्यूनतम संभावित मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 12
✗ B. 10
✗ C. 9
✔ D. 11

Q.97 यदि $x+\frac{1}{18x}=3$ है, तो $18x^3+\frac{1}{324x^3}$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ A. 431
✔ B. 477
✗ C. 491
✗ D. 465

Q.98 किसी निश्चित कूट भाषा में,
X + Y का अर्थ है 'X, Y का पति है',
X – Y का अर्थ है 'X, Y की माता है',
X × Y का अर्थ है 'X, Y का भाई है' और
X ÷ Y का अर्थ है 'X, Y का पिता है'।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर, यदि 'P + Q – R × S ÷ T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
✗ A. माता का भाई
✗ B. पिता का भाई
✗ C. माता का पिता
✔ D. पिता का पिता

Q.99 L, M, N, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है, और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है।
L किसी सम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन क्रमांक 4 वाले तल पर नहीं। L और E के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। D किसी विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन सबसे निचले तल पर नहीं। D और N के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। F, D के ठीक नीचे रहता है। M के ठीक ऊपर कौन रहता है?

Ans
✔ A. N
✗ B. F
✗ C. E
✗ D. D

Q.100 2000 में शुरू की गई किस योजना का उद्देश्य, ग्रामीण संपर्क को बढ़ाकर ग्रामीण निर्धनता को कम करना है?

Ans
- ✗ A. स्वर्ण जयंती शहरी रोजगार योजना
- ✗ B. स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना
- ✓ C. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
- ✗ D. भारतमाला परियोजना

"

Prepp Your Personal Exam Guide